**SET – 4**

**Series : GBM/C**

**कोड नं.**
**Code No. 44**

**रोल नं.**
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# रंगमंच अध्ययन

# THEATRE STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घंटे* — *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) प्रश्न-पत्र में कुल **24** प्रश्न हैं ।*

*(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(iii) प्रश्न संख्या **1** से **5** अतिलघूत्तर प्रश्न हैं । प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित हैं, प्रत्येक का उत्तर **15** शब्दों से अधिक न हो ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **6** से **10** लघूत्तर प्रश्न हैं । प्रत्येक के लिए **2** अंक निर्धारित हैं, प्रत्येक का उत्तर **50** शब्दों से अधिक न हो ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **11** से **17** लघूत्तर प्रश्न हैं । प्रत्येक के लिए **3** अंक निर्धारित हैं, प्रत्येक का उत्तर **75** शब्दों से अधिक न हो ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **18** से **21** लघूत्तर प्रश्न हैं । प्रत्येक के लिए **4** अंक निर्धारित हैं, प्रत्येक का उत्तर **150** शब्दों से अधिक न हो ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **22** से **24** दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए **6** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो ।*

***General Instructions :***

*(i)* *There are **24** questions in all.*

*(ii)* *All the questions are compulsory.*

*(iii)* *Question nos. **1** to **5** are very short answer questions carrying **1** mark each. Answer to each of these should not exceed **15** words.*

*(iv)* *Question nos. **6** to **10** are short answer questions carrying **2** marks each. Answer to each of these should not exceed **50** words.*

*(v)* *Question nos. **11** to **17** are short answer questions carrying **3** marks each. Answer to each of these should not exceed **75** words.*

*(vi)* *Question nos. **18** to **21** are short answer questions carrying **4** marks each. Answer to each of these should not exceed **150** words.*

*(vii)* *Question no. **22** to **24** are long answer questions carrying **6** marks each. Answer to each of these should not exceed **250** words.*

1. परावर्तक प्रकाश (रिफ्लेक्टर लाइट्स) का आविष्कार किसने किया ? **1**

   Who is the inventor of "reflector lights" ?

2. सेट के उस प्रकार का नाम लिखिए जहाँ दर्शक काम के वास्तविक स्थान को देखते हैं ? **1**

   Name the type of set where audience sees the actual space of action.

3. 'संघर्ष के तीन स्तर होते हैं जो नाटक को अधिक संतोषजनक बनाते हैं ।' ऐसे किन्हीं दो संघर्षों के नाम लिखिए । **1**

   There are three levels of conflict that make a play more satisfying. Mention any two such levels of conflict.

4. मंच पर त्रि-आयामी सेट्स कौन लाया जिससे अभिनेताओं और अभिकल्पनों (डिज़ाइंस) के बीच संपूर्णता आई ? **1**

Who brought three dimensional sets on stage and created integrity between actors and design ?

5. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के दो विभागों में एक सक्रिय विस्तार कार्यक्रम क्यों जोड़ा गया ? **1**

Why an active extension programme was added to the two wings of National School of Drama (NSD) ?

6. सामग्री के दो प्रकार क्या-क्या हैं ? **2**

What are the two types of props ?

7. "वास्तविक जीवन में सदा एक उत्प्रेरक होता है जो हमारी प्रतिक्रिया को स्पष्ट करता है किंतु मंच पर उत्प्रेरक अवास्तविक या काल्पनिक होता है ।" उक्त कथन के आलोक में स्पष्ट कीजिए कि कोई अभिनेता काल्पनिक उत्प्रेरकों के प्रति प्रतिक्रिया उत्पन्न करने का उद्देश्य कैसे प्राप्त कर सकता है ? **2**

"In real life there is always a stimulus that sets off our reaction but on the stage, the stimulus is unreal or imagined." In the light of the above statement explain how an actor should aim to create a response to imaginary stimuli ?

8. क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों का राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (NCEP) देश की विभिन्नता में एकता के अंतर्गत अपने उद्देश्यों को कैसे प्राप्त कर सका है ? **2**

How National Cultural Exchange Programme (NCEP) of Zonal Cultural Centres been able to achieve its objective of unity within diversity in our country ?

9. 'निर्ममता का रंगमंच' (थिएटर ऑफ क्रुएल्टी) शब्द की व्याख्या कीजिए । **2**

Explain the term "Theatre of Cruelty".

10. रेणु के पास एक शिक्षण का प्रमाणपत्र है जिससे वह विद्यार्थियों को अभिनय, निर्देशन, नाट्यलेखन, आलेख विश्लेषण आदि की तकनीकों का शिक्षण दे सकती है । किसी व्युत्पादन संगठन (प्रोडक्शन ऑर्गेनिज़ेशन) में उसकी भूमिका को स्पष्ट कीजिए । **2**

Renu has a teaching certificate in order to teach and instruct students in the techniques of acting, directing, playwriting, script analysis etc. Explain the role she can play in a production organization.

11. किसी अभिनेता की क्षमता इस पर निर्भर करती है कि उसने सहयोग और सकारात्मक गति की कितनी शक्ति प्राप्त की है ? स्पष्ट कीजिए । **3**

An actor's potential lies in his ability to possess a power of co-ordination and positive movement. Explain.

12. किसी नाटक लेखक के लिए रंगमंच की स्थापित कलात्मक और मंचीय परंपराओं को जानना क्यों आवश्यक है ? **3**

Why it is important for a playwright to understand and know the established artistic and theatrical conventions of the theatre ?

13. 'कार्य शोध' (एक्शन रिसर्च) शब्द की व्याख्या कीजिए । **3**

Explain the term "Action Research".

14. संगीत, नृत्य और नाटक के रूप में अभिव्यक्त भारत की विविध संस्कृति के विशद और सूक्ष्म विरासत को संगीत नाटक अकादमी ने किस प्रकार सुरक्षित रखा है और उसे बढ़ाया है ? **3**

State how the 'Sangeet Natak Academy' preserves and promotes the vast intangible heritage of India's diverse culture expressed in the forms of music, dance and drama.

15. (क) किसी एक नाटक-लेखक का नाम लिखिए जिसने हिंदी भाषा में निपुणता प्राप्त की हो और आधुनिक समकालीन भारतीय रंगमंच को नया आयाम दिया हो, उसके कार्य पर टिप्पणी कीजिए । **3**

(ख) भारत की भाषिक और साहित्यिक विविधता में प्रतिबिंबित होने वाले किन्हीं दो मूल्यों का उल्लेख कीजिए ।

(a) Name any one playwright who excelled in the Hindi language and added new dimensions to the modern and contemporary Indian theatre. Comment on his work.

(b) Give any two values reflected in the linguistic literary diversity of India.

16. उस विचार की पहचान और व्याख्या कीजिए जो उन कृतियों की एक प्रकार की रंग कार्यशाला और मंच था जिन्हें अपने समय में मुख्यधारा में काम करने वालों के द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया था । **3**

Identify and explain the concept which was a kind a workshop theatre and a platform for those works that were rejected by the mainstream practitioners in those days.

17. अभिनय के उपागम के रूप में 'द मीस्नर टेकनीक' का महत्त्व लिखिए । **3**

State the importance of 'The Meissner Technique', as an approach to acting.

18. (क) निम्नलिखित कथनों के आधार पर मंचीय प्रस्तुति में वृद्धि करने में प्रयुक्त प्रकाश के प्रकार की पहचान कीजिए । **4**

(1) इन लैंपों को 'ब्लैक लैंप' को सक्रिय करने के लिए फ्लुअरोसेंट पाउडर से कोट किया जाता है ।

(2) ये हमें बादल, बारिश आदि का प्रभाव देखने में सहायता देते हैं क्योंकि वे इन प्राकृतिक तथ्यों का कृत्रिम प्रभाव उत्पन्न करते हैं ।

(3) यह सबसे अधिक प्रचलित मंच-प्रकाश है जिसमें उच्च वाट का एक साधारण लैंप, एक परावर्तक और धातु के बने छोटे से वेष्टन (एंक्लोज़र) पर चढ़ाया हुआ सॉकेट होता है ।

(ख) संगीत मंच पर 'बबल मशीन' नाटकीय प्रभाव कैसे उत्पन्न करती है ?

(a) From the given statements, identify the type of light used to enhance a theatrical performance.

(1) These lamps are coated with fluorescent powder to activate, what is called 'Black Lamp'.

(2) These help us see the effect of clouds, rains as they create artificial effect of these natural phenomena.

(3) This is the most common stage light, having an ordinary lamp with higher wattage, a reflector and a socket mounted in a small metal enclosure.

(b) How do 'Bubble Machine' add dramatic effect to a musical theatre ?

19. कला या आकल्पन (डिज़ाइन) का कोई काम एक संपूर्ण चित्र होता है जो किसी अच्छे व्यंजन के घटकों की भाँति छोटे-छोटे अवयवों पर निर्मित होता है । सेट डिजाइन में कला के चार मूल तत्त्वों को नाम सहित समझाइए । **4**

Any work of art or design is a wholesome picture, which is built with small elements just like the ingredients of a well-cooked dish. Name and explain four basic elements of art in set design.

20. आधुनिक पाश्चात्य रंगमंच में उन्नीसवीं सदी के अंत और बीसवीं सदी के प्रारंभ में हुए नव्य परिवर्तनों, मंच के नए रूपों और प्रयोगों का वर्णन कीजिए । **4**

Describe the innovative changes, new forms of theatre and experiments that happened in late nineteenth and early twentieth century in modern western theatre.

21. शोध से अपेक्षा होती है कि वह वर्तमान सिद्धांतों के साथ नए सिद्धांत प्रस्तुत करे । अरस्तू, बर्टोल्ट ब्रेख्ट, स्वेटलांस्की आदि के कार्यों पर हुए शोधों ने हमें वे सिद्धांत दिए हैं जिनकी विशेषता से रंगमंचीय शोध का आधार बना है । **4**

अभिराम की रुचि ऐसा शोध करने में है जिससे अभी विद्यमान ज्ञान में नया ज्ञान जुड़ेगा ।

(क) उस शोध का प्रकार पहचानिए जिसमें अभिराम की रुचि है ।

(ख) उन विभिन्न वर्गों को स्पष्ट कीजिए जिनके अंतर्गत इस शोध का श्रेणीकरण किया जा सकता है ।

Research is required to come up with new theories with the existing theory. Researches on the works of Aristotle, Bertolt Brecht, Stanlauski etc. have given us theories whose expertise have formed the basis of theatrical research.

Abhiram is interested in the research which would add new knowledge in the already existing body of knowledge.

(a) Identify the type of Research that Abhiram is interested in.

(b) Explain different classes in which this research can be categorized.

22. किसी नाटक के व्युत्पादन में निर्देशक की भूमिका का औचित्य स्पष्ट कीजिए । **6**

Justify the role of director in a play production.

23. रंगमंच तकनीकी की किस प्रणाली ने कलाकारों को अभिनय करते हुए अतीत का अनुभव करने का प्रशिक्षण देकर मंच पर कलात्मक सत्य के विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया ? उसकी पहचान कीजिए और उसे समझाइए । **6**

Which system of theatrical technique also focused on the development of artistic truth on stage by teaching actors to "experience the past" during performance ? Identify and explain.

24. किसी एक पाश्चात्य नाटककार के जीवन पर विस्तार से लिखिए जिसने आधुनिक पाश्चात्य रंगमंच के परिदृश्य को बदल दिया । **6**

Write in detail about the life of any one western playwright who changed the scene of modern and western theatre.